अब घर बैठक मिलेगी डिस्कॉम की सुविधाएं

■ इस ऐप के जरिए अब उपभोक्ताओं को बिजली बिल, भुगतान और शिकायत से जुड़ी लगभग सभी सेवाएं घर बैठे मिल सकेंगी

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की सुविधा बढ़ाने और सेवाओं को पारदर्शी बनाने के लिए बिजली मित्र मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप के जरिए अब उपभोक्ताओं को बिजली बिल, भुगतान और शिकायत से जुड़ी लगभग सभी सेवाएं घर बैठे मिल सकेंगी। इस ऐप पर उपभोक्ता वर्तमान और पूर्व में जारी बिल को डाउनलोड कर सकते हैं तथा तुरंत ऑनलाइन भुगतान की सुविधा ले सकते हैं। पूर्व में किए गए भुगतानों का विवरण और पिछले महीनों की बिजली खपत का पूरा रिकॉर्ड भी देखा जा सकेगा। उपभोक्ता अपनी मासिक और औसत बिजली खपत की गणना कर पाएंगे। शिकायतों के लिए अलग से कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि ऐप पर ही बिजली आपूर्ति, सुरक्षा, बिजली चोरी और अन्य तकनीकी शिकायत दर्ज की जा सकती है। दर्ज शिकायत की स्थिति की जानकारी भी उपभोक्ता को इसी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। इसके अलावा नए कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन, बिल सुधार, मीटर परिवर्तन, पुनः कनेक्शन, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन और डुप्लीकेट बिल प्राप्त करने जैसी सेवाएं भी उपभोक्ता घर बैठे हासिल कर सकेंगे। डिस्कॉम अधिकारियों का कहना है कि यह ऐप उपभोक्ताओं को स्मार्ट यूजर बनाएगा और कार्यालयों के चक्कर लगाने से छुटकारा दिलाएगा। बिजली मित्र ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें। इसके बाद स्टेट, जिला और लोकेशन के साथ उपभोक्ता को अपना के-नंबर डालना होगा। एक बार जानकारी भरने के बाद उपभोक्ता अपने मीटर और बिजली खपत से जुड़ी सभी सुविधाओं का लाभ ले पाएंगे। ऐप पर बिल देखने और भुगतान करने के साथ साथ शिकायत और सुझाव भी दर्ज किए जा सकते हैं।

करोड़ों के विकास कार्यों की वित्तीय स्वीकृति पर बनी सहमति

■ वीर तेजाजी मेला हेतु प्रस्तावित व्यय के लिए 20.00 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी किये जाने एवं पूर्व में आयोजित करवाये गये उर्स कार्यक्रम में व्यय की गयी राशि 10.00 लाख तथा भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में व्यय की गयी राशि 10.00 लाख के अनुमोदन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया

सरवाड़, (निसं)। नगर पालिका सभागार भवन में मंगलवार को बैठक आयोजित की गई यह बैठक नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्वप्रथम नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन व प्यारेलाल खटीक द्वारा मां शारदा एवं भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर पुष्प अर्पित किये गये। बैठक में सूर्य तलाई पर सौन्दर्यकरण कार्य हेतु तैयार करवायी गयी डी. पी. आर. की राशि रुपये 6.50 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति गणेश ताबाल सौन्दर्यकरण कार्य हेतु तैयार करवायी गयी वहीं डी. पी. आर. की राशि रुपये 6.75 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति एवं शिव तालाब सौन्दर्यकरण कार्य हेतु तैयार करवायी गयी डी. पी. आर. की राशि रुपये 6.66 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

इसी क्रम में अजमेर रोड़ फतेहगढ़ तिराहा से कोटा रोड़ नवीन चिकित्सालय तक बन रहे फोरलेन मार्ग एवं चमन चौराहा से बस स्टेण्ड तक के मार्ग पर पर डिवाईडर एवं विद्युत पोल लगाये जाने हेतु राशि रुपये 1.50 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति तथा जोधाणा होटल से यात्रीकर नाका होते हुए दरगाह तक सौन्दर्यकरण कार्य हेतु राशि रुपये 1.50 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

इसी क्रम में वीर तेजाजी मेला हेतु प्रस्तावित व्यय के लिए 20.00 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी किये जाने एवं पूर्व में आयोजित करवाये गये उर्स कार्यक्रम में व्यय की गयी राशि 10.00 लाख तथा भारतीय नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में व्यय की गयी राशि 10.00 लाख के अनुमोदन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया व नगर पालिका क्षेत्र में खांचा भूमियां दिये जाने हेतु अध्यक्ष नगर पालिका सरवाड़ की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की समिति गठित कर प्रकरणों का निस्तारण किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं को भूमि आवंटन किये जाने एवं गाडियां लोहार परिवारों को भूमि आवंटन किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। इसी क्रम मे मोहम्मद सलीम कुरैशी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के असामयिक निधन पर उत्तराधिकारी मंजूर अली को अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया नगर पालिका क्षेत्र सरवाड़ अवस्थित राजकीय जर्जर भवनों को हटाये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया इस दौरान नगर पालिका पार्षद करण बंजारा, गणेश माली, प्रहलाद रेगर, शबीना बानो, शमसुद्दीन कुरैशी, शाहिद कुरैशी, जीवराज भील, प्यारेलाल खींची, इमरान खान व नगर पालिका से भागचन्द खटीक, अर्जुन सिंह राठौड़, रईस गौरी, महावीर प्रसाद, संदीप कुमार, चेतन कुमार, गोविन्द सिंह, नरेन्द्र सिंह, हर्षवर्धन सिंह, प्रेमसिंह व जमालुद्दीन सहित अन्य उपस्थित रहें वहीं अधिशासी अधिकारी भगत सिंह परमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

गणेश चतुर्थी पर भजन संध्या का आयोजन

अराई,26 अगस्त (निसं)। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सदर बाजार स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में पंडित संजीव पाराशर में सानिध्य में भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान गणेश के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। मंदिर परिसर भजनों की मधुर ध्वनियों और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से गूंज उठा। भजन संध्या का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी पं. संजीव पाराशर ने गणेश वंदना के साथ किया। उन्होंने विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। इसके बाद सन्त रामनिवास रामस्नेही, गिरधर गोपाल शर्मा, बृजेश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, उम्मेद सिंह सहित भजन मंडलियों ने भगवान गणेश, शिव-पार्वती और अन्य देवताओं के भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 'गणपति बप्पा मोरया' की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे, वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से सजाया गया था। फूलों की सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने विशेष उत्साह दिखाया। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए भजनों का आनंद लेते नजर आए। भजन संध्या देर रात तक चली और भजनों की गूंज से मंदिर परिसर में दिव्यता का माहौल बना रहा। पंडित संजीव पाराशर ने कहा कि गणेश चतुर्थी केवल उत्सव नहीं बल्कि यह हमारी आस्था है।

धर्मेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस बीएलए से की चर्चा

अजमेर। आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने मंगलवार को पार्षद नौरत गुर्जर के सिविल लाइन स्थित ऑफिस में अजमेर उत्तर के शास्त्री नगर मंडल क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के नव नियुक्त बीएलए से मुलाकात की और उनसे संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सभी बीएलए को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम के प्रति गंभीर होकर कार्य करने की बात कही इस अवसर पर बीएलए प्रशिक्षण शिविर लगाने व आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी देने के लिए स्टडी लगाने की आवश्यकता व नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। इस दौरान पार्षद नोरत गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेन्द्र अग्रवाल, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, मंडल अध्यक्ष गणेश चौहान आहद मौजूद थे।

आम सूचना

मेरे पुत्र सौरभ पुत्र जगदीश प्रसाद वर्मा जाति मेघवाल निवासी गांव तिलोनिया तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 16 जनवरी 2013 को निवास स्थान पर हो गई, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति आपति हो तो 7 दिवस में अपनी आपति तहसीलदार किशनगढ़ के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी। प्रार्थी- जगदीश प्रसाद वर्मा

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सर्वेश्वर झंवर पुत्र श्री राधेश्याम झंवर जाति माहेश्वरी निवासी दाधीच कॉलोनी मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का बड़ा पुत्र दीपक झंवर, मेरे पक्षकार के कहने-सुनने में नहीं है, ना ही मेरे पक्षकार के कहने पर किसी तरह का कोई कार्य कर रहा है। मेरे पक्षकार का पुत्र गलत संगत में लग गया है, मेरे पक्षकार व उसके परिजनों को हैरान व परेशान एवं उत्पीड़ित करता है। इस कारण से मेरे पक्षकार व मेरे पक्षकार के परिवारजनों का जीना दुश्वर हो गया है। मेरे पक्षकार का बड़ा पुत्र दीपक झंवर परिवार के द्वारा समझाये जाने के बाद भी परिवार के कहने के विरूद्ध आचरण कर रहा है। इसलिए कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार के बड़े पुत्र दीपक झंवर से किसी तरह का कोई संव्यवहार करता है या कोई लेन देन करता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी, जवाबदारी मेरे पक्षकार एवं मेरे पक्षकार के परिवारजन की नहीं रहेगी एवं किसी तरह का कोई गैर कानूनी कृत्य करता है तो उसकी जिम्मेदारी भी मेरे पक्षकार एवं मेरे पक्षकार के परिवारजन की नहीं होगी। अतः सूचित रहे। सूचितकर्ता-एडवोकेट दीपक खटाना, राजपूत मोहल्ला नवाशहर किशनगढ़ जिला अजमेर M 98299-99094

गणेश चतुर्थी आज मंदिरों में होगी पूजा अर्चना

■ पांडालों में विराजेंगे गणपति

अजमेर (कासं)। भगवान श्री गणेशजी को समर्पित पर्व गणेश चतुर्थी बुधवार को मनाई जाएगी। मंदिरों व घरों में भक्तों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर विशेष पूजा अर्चना कर भगवान गणेशजी को मनाएंगे। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर सजे पांडालों में गणपति विराजमान होंगे।

आगरा गेट प्राचीन श्री गणेशजी मंदिर में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंगलवार को रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें जयपुर के भजन गायक सनी चक्रधारी, अजमेर के विमल गर्ग, अंजू शर्मा आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी। 27 अगस्त बुधवार अलसुबह 4 बजे मंगला आरती, सुबह 6 बजे नित्य आरती व 8 बजे गणपति अथर्वशीर्ष पाठ होगा। पुजारी ब्रह्म प्रकाश एवं विनय दाधिच द्वारा गणपति जी का अभिषेक किया जाएगा। प्रातः 11 बजे भगवान श्री गणेशजी का पूजन एवं अभिषेक होगा। दोपहर 12 बजे भगवान श्री गणेशजी की महाआरती होगी। मंदिर के महन्त पंडित घनश्याम आचार्य ने बताया कि गणेश महोत्सव पर जो पंचामृत का प्रसाद लेता है उसके समस्त रोग दूर होते हैं। आगरा गेट गणेशजी के महाआरती के पूर्व जो दिव्य दर्शन प्राकृतिक रूप करता है उसकी सभी मनोकामना पूरी होती हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को छह बजे पुष्प विहार की झांकी सजाई जाएगी।

रात्रि दस बजे मनोकामना आरती होगी, जिसमें अनेक दीपकों से भक्त भी श्री गणेशजी की आरती करके मनोकामना पूर्ण हेतु आशीर्वाद लेंगे। 39वां केसरिया बादशाह गणपति महोत्सव : 39वां केसरिया गणपति महोत्सव 27 अगस्त से 6 सितम्बर तक गोल चक्कर केसरगंज में आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि 11 दिवसीय गणपति महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को सुबह 11:15 बजे ढोल-बाजों के साथ किया जाएगा। पांच फीट की गणेश प्रतिमा को विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पांडाल में स्थापित किया जाएगा। अध्यक्ष आरके महावर ने बताया कि सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया है। 6 सितम्बर को सांय 5:15 बजे विभिन्न मार्गों से शोभायात्रा निकालकर मूर्ति विसर्जन किया जाएगा।

एमडीएस विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल बैठक 28 को

■ यूजीसी की गाइडलाइन पर आधारित होंगे कई निर्णय

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल की बैठक 28 अगस्त को यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित आयोजित होगी। बैठक में यूजीसी की गाइडलाइन पर आधारित कई अहम निर्णय लिए जाएंगे, जिसमें सात प्रमुख बिंदु को शामिल किया गया है, जिसमें प्रमुख पीजी कोर्सेज सिलेबस में बदलाव सहित कॉलेजों में चुनावी शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर फैसला सबसे महत्वपूर्ण है।

जानकारी के अनुसार बैठक में एमडीएस यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अठावाल सहित प्रोफेसर व विभिन्न कॉलेजों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। एनईपी 2020 के अनुरूप पीजी स्तर पर करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क को लागू करने के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। यदि चुनावी शिक्षा को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाता है तो अजमेर सहित प्रदेश के 450 कॉलेजों में पढ़ रहे साढ़े तीन लाख से अधिक विद्यार्थियों को यह शिक्षा मिलेगी। उच्च शिक्षा विभाग पहले ही इस दिशा में पत्र भेज चुका है।

बैठक में संगीत विषय से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा होगी। विवि को इस संबंध में पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें बताया गया है कि कई कॉलेजों में संगीत विषय के शिक्षकों की कमी है और पद लंबे समय से रिक्त हैं। परिषद इस पर ठोस समाधान तलाशने की कोशिश करेगी। बैठक में संस्थागत विकास योजना पर भी चर्चा होगी, जिसमें वर्ष 2017 में बनी योजना को अब अद्यतन करने की जरूरत है। लेकिन यूनिवर्सिटी में वर्तमान में प्रोफेसरों सहित नॉन-टीचिंग स्टाफ की कमी से योजना को अमली जामा पहनाना मुश्किल हो रहा है। इसी माह एक और प्रोफेसर के सेवानिवृत्त होने पर मात्र 9 प्रोफेसर ही शेष रह जाएंगे।

नई भर्ती नहीं होने से शिक्षण सहित प्रशासन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि स्टाफ की कमी रहते हुए नैक ठोडिंग में सुधार संभव नहीं है। लंबी अवधि की योजना भी एजेंडे में परिषद की बैठक में शॉर्ट टर्म, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म योजनाओं को तैयार करने और लागू करने पर भी चर्चा होगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि संस्थागत विकास, पाठ्यक्रम सुधार और नैक ठोडिंग में सुधार तभी संभव है जब स्टाफ की नियमित भर्ती हो और सभी विभागों में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हों।

सैन समाज की बैठक आयोजित

अराई,26 अगस्त (निसं)। सैन समाज छात्रावास बयालिसा समिति अराई की बैठक अमरचन्द सेन की अध्यक्षता में हुई। बाबा रामदेव सेवा समिति के प्रांगण में आयोजित बैठक में सेन समाज के तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन को चर्चा की गई। अध्यक्ष अमरचन्द सेन ने बताया कि बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि तैयारियों को लेकर समाजबन्धुओं की सहमति से विभिन्न कमेटियां गठित की। उन्होंने बताया कि विवाह सम्मेलन के लिए समाजबन्धुओं ने प्रस्ताव रखें, जिन पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए। संबोधित करते हुए अमरचन्द सेन ने कहा कि पूर्व में समाजबन्धुओं के आपसी सहयोग से दो विवाह सम्मेलन सफलापूर्वक सम्पन्न हुए है। इस बार भी समाज के लोग सक्रिय भूमिका निभाकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करे।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 946 जाहिर आम सूचना दिनांक 25.6.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1 / 43, दौराई, अजमेर श्री भारत पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र मण्डरावलिया को आवंटित कर दिनांक 17.01.2020 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री भारत पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र मण्डरावलिया द्वारा दिनांक 28.09.2020 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री भारत पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र मण्डरावलिया द्वारा आवास का बेचान श्रीमती सुशीला देवी पत्नि श्री रामनारायण चौहान को दिनांक 08.02.2024 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती सुशीला देवी पत्नि श्री रामनारायण चौहान के पक्ष में दिनांक 03.07.2025 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुनः श्रीमती सुशीला देवी पत्नि श्री रामनारायण चौहान द्वारा उक्त आवास का बेचान श्री समीउल्लाह खान पुत्र श्री मोहम्मद इसहाक को दिनांक 14.07.2025 को कर दिया गया है। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 987 में पृष्ठ संख्या 146 क्रम संख्या 202503002107751 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3948 के पृष्ठ संख्या 172 से 182 पर दिनांक 14.07.2025 को चस्पा किया गया। अब श्री समीउल्लाह खान पुत्र श्री मोहम्मद इसहाक ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री समीउल्लाह खान पुत्र श्री मोहम्मद इसहाक का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर

स्वच्छ भीलवाड़ा — राजस्थान सरकार स्वस्थ भीलवाड़ा — सुरक्षित भीलवाड़ा

कार्यालय जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी, जिला भीलवाड़ा(राज.)

क्रमांक: परि/भील/2025-26/2467 नोटिस दिनांक: 26/8/25

वाहन संख्या आरजे06-जीडी-6198 भैरूनाथ फाईट कैरियर प्रो. मीरा देवी निवासी- मानाराम गुर्जर, वार्ड नं. 2, अहीरों का खेड़ा आसीन्द, जिला भीलवाड़ा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.सं. 2390 दिनांक 06.08.2025 फाईनेसर- MAHINDRA &MAHINDRA FIN.SER.LTD	वाहन संख्या आरजे19-जीजी-4343 श्री हेमराज ओड पुत्र श्री डुंगा ओड निवासी- स्कूल के पास बहादुर जी का खेड़ा, कास्या कलां, भीलवाड़ा नोटिस फार्म 37 पत्र क्र.सं. 2393 दिनांक 08.08.2025 फाईनेसर- CHOLAMANDLAM INVEST. & FIN.CO.LTD.

विषयः फाईनेसरों के नाम फेश आर.सी. जारी करने बाबत।

उक्त वाहन के फाईनेसरों ने अपने कब्जे में लेकर अपने नाम से फेश आर.सी. जारी करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है कार्यालय के उपरोक्त पत्रांक से रजि0 एडी0 द्वारा नोटिस भिजवाया गया लेकिन अभी तक उसका कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। तथा न ही किसी प्रकार की आपत्ति/अभ्यावेदन प्रस्तुत हुआ है। समाचार पत्र में पुनः नोटिस प्रकाशित किया जा रहा है। नोटिस प्रकाशन के सात दिवस तक वाहन की मुल आर.सी. इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दे या जो भी आपत्ति/अभ्यावेदन हो मय साक्ष्य/प्रमाण के अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर दें। इस अवधि उपरान्त कोई आपति स्वीकार्य नहीं होगी एवं तत्पश्चात U/S 51(5) OF CMV ACT 1988 के तहत् फाईनेसर के नाम फ्रेश आर.सी. जारी कर दी जावेगी।

जिला परिवहन अधिकारी, भीलवाड़ा

जैन समाज ने रोठ पर्व मनाया

अजमेर (कासं)।दिगंबर जैन समाज ने मंगलवार को रोट तीज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। जैन धर्म में यह पर्व विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने व्रत रखा और मंदिरों में 24 तीर्थंकरों की पूजा की गई। दिगंबर जैन समाज के रोठ तीज का पर्व देश और दुनिया में मनाया गया। सागर विहार कॉलोनी स्थित सर्वधर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन द्वारा विभिन्न संप्रदायों के प्रतिनिधियों ने एक साथ एक टेबल पर बैठकर रोट तीज का पर्व मनाया। प्रकाश जैन ने बताया कि रोठ तीज पर्व के कार्यक्रम विधायक अनिता भदेल, आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौर, पूर्व मेयर धर्मेंद्र गहलोत सहित प्रशासनिक अधिकारी, शक्ति सिंह राठौड़ संभागीय आयुक्त रेलवे की डीसीएम मोनिका यादव, एसपी ट्रैफिक आयुष वशिष्ठ, जेल सुपरिटेंडेंट पारस जांगिड़, डॉ राकेश कटारा, पूर्व संभागीय आयुक्त आरसी मीना, विनीता श्रीवास्तव, डॉ.आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ. भारत छबलानी सहित सर्वधर्म मैत्री संघ के फादर कॉसमॉस शेखावत, फादर इलियास, मोहम्मद खान, मंसूर अली, दिनेश गोयल, डॉ.सतीश अरोड़ा, विक्रम सिंह, अजीत दुआ ने एक साथ बैठकर भोजन कर पर्व का लुत्फ उठाया।

गणेश जन्मोत्सव

सरवाड़। शहर स्थित शिव सागर की पाल पर प्राचीन मंदिर मंशापूर्ण गणेश मंदिर में आज बुधवार को श्रद्धालुओं का उमड़ेगा जनसैलाब वहीं भगवान गणेश का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा इस मौके पर कहीं धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे पुजारी मुकुट बिहारी शर्मा ने बताया कि आज बुधवार को प्रातः 6 बजे से 9 तक प्रातः कालीन दर्शन होंगे वहीं प्रातः 9 बजे से मंदिर के पट बंद होंगे यह पट दोपहर साढ़े बारह बजे जन्मोत्सव के साथ आरती पर खुलेंगे आरती के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा इस दौरान भगवान गणेश जी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार भी किया किया जाएगा वहीं गणेश जन्मोत्सव पर एकदिवसीय मेला भी आयोजित होगा महोत्सव को लेकर मंदिर की आकर्षक सजावट की गई।

राजपूत सभा के पदाधिकारी का अभिनंदन

अजमेर। श्री राजपूत सभा अजमेर की जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह ढौस द्वारा कार्यकारिणी में लोकेंद्र सिंह परिहार एवं ओंकार सिंह खंगारोत को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित होने पर आज कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह रलावता की सदारत में अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में कार्यकारिणी सदस्य परिहार एवं खंगारोत का पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता, शिव कुमार बंसल, हेमेंद्र सिंह महू, शक्ति सिंह रलावता, पुष्पेंद्र ओझा, महेंद्र कटारिया, दिनेश डागा, दुर्गा सिंह राठौर, राजू बंसल, मुकेश सिंह राठौड़, शंकर गुर्जर, भरत सिंह राणा, आजाद लखन सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने माला एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

श्री राजपूत सभा की कार्यकारिणी में लोकेंद्र सिंह परिहार एवं ओंकार सिंह खंगारोत के सदस्य निर्वाचित होने पर अभिनंदन किया गया।

पदभार संभाला

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता नगरपालिका में फिर एक बार बड़ा फेरबदल हुआ। न्यायलय ने पूर्व पालिका अध्यक्ष गोतम टाक के चल रहे निलंबन पर रोक लगा दी ओर पुनः चौथी बार पालिका अध्यक्ष के पद पर फिर एक बार कार्यभार संभालेगे। पालिका अध्यक्ष गोतम टाक किसी मामले को लेकर डी एल बी द्वारा निलंबित किया गया था जिसको लेकर न्यायपालिका पर पूर्ण विश्वास के साथ याचिका दायर की थी जिसको लेकर न्यायपालिक द्वारा निम्बन के आदेशों पर रोक लगा दी।

'साधु कभी मरता नहीं'

■ विश्व मानता है कि जैन दर्शन ही एकमात्र ऐसा जीवन दर्शन है जो समस्त मानवता में अहिंसा, सोहार्द स्थापना कर सकता

अजमेर, । साधु कभी मरता नहीं है बल्कि सिर्फ उसका देह व वस्त्र परिवर्तन होते है। विश्व मानता है कि जैन दर्शन ही एकमात्र ऐसा जीवन दर्शन है जो समस्त मानवता में अहिंसा, सोहार्द व शक्ति की स्थई स्थापना कर सकता है। ज्ञान के बाद भी यदि मानव जीवन में अहकांर भरा हुआ है तो वह ज्ञान जहर का रूप ले लेता है। सही ज्ञान ही हमारी समस्याओ का समाधान है आज जैनत्व को घर घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उक्त विचार शान्त स्वभावी मुनि सम्यकरत्न सागर म. सा. ने मगलवार को श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ की और से आयोजित पर्युषण महापर्व के सातवें दिवस आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संध प्रवकता रिखब सुराणा ने बताया कि पर्युषण महापर्व के आंठवे दिवस सम्वतसरी महापर्व पर जैन समाज की सभी रसोईया बन्द रहेगी और छोटे बच्चो से बुजुर्ग भी उपवास रखेगें। बड़ा प्रतिकमन दोपहर 3:31 बजे दादाबाड़ी परिसर में प्रारम्भ होगा।

कार्यालय नगर निगम,अजमेर

झलकारी बाई स्मारक के पास, पंचशील नगर,अजमेर

दूरभाष-0145-249953, फैक्स- 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com.webajmermc.org

क्रमांकः . न.नि.अ/69-ए/2025-26/4528 आपत्ति सूचना दिनांकः 14/8/25

श्री सतपाल पुत्र श्री स्व. दर्शन सिंह निवासी- अलखनन्दा कॉलोनी, रीजनल कॉलेज के पीछे वैशाली नगर अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल चांद बावड़ी अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 75.83 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित स्थल की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व : म.नं. 275/24 पश्चिम : म.नं. 277/24

उत्तर : रोड दक्षिण : गली

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर-अंदर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपत्ति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/निमार्ण स्वी./2025/2796 आम सूचना दिनांकः26-8-25

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्ज/आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदन नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
90	हर्षित नाबेडा पुत्र अशोक नाबेडा	आबादी क्षेत्र मजदूर कॉलोनी बिजयनगर प्लाट नं. 13 का उत्तरी हिस्सा प्रा.नं. 13ए	62.70 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.प.बि/निमार्ण स्वी./2025/2758 आम सूचना दिनांकः25-8-25

निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु 07 दिवस में मय सबूत के आधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र, आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदन नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
89	विमला देवी छाजेड पत्नि विनोद कुमार छाजेड	पावर हाउस रोड सथाना बाजार बिजयनगर ब्लॉक सं. 10/1023 भूसं 06	125.41 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की राजस्व ग्राम चौरसियावास के खसरा नम्बर 1626, 1627 भूखण्ड संख्या क्षेत्रफल 223.22 वर्तगज अर्थात 186.6403 वर्गमीटर का नियमन प्राधिकरण द्वारा श्री रघुवीरनारायण माथुर पुत्र श्री इन्द्रनारायण माथुर निवासी 1626. श्यामनगर I.P.W.D. आफिस के सामने चौरसियावास अजमेर के नाम भूमि का नियमन कर पट्टा जारी किया गया था। इनकी मृत्यु दिनांक 01.05.2025 को हो जाने पर इनके जीवित वारिसान 1 श्रीमती उमा माथुर (पत्नी) 2-पायल माथुर (पुत्री) 3-जूही माथुर (पुत्री) है जिनके द्वारा उक्त भूमि भवन का नामान्तरण हक पंजीकृत त्यागनामा दिनांक 27.05.2025 द्वारा श्रीमती उमा माथुर पत्नी स्व श्री रघुवीरनारायण माथुर के नाम चाहा गया है अतः यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अपनी आपत्ति 15 दिवस के भीतर प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

गणेश चतुर्थी पर भजन संध्या का आयोजन

■ भजन संध्या का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी पं. संजीव पाराशर ने गणेश वंदना के साथ किया

अराई, (निसं)। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सदर बाजार स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में पंडित संजीव पाराशर में सानिध्य में भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान गणेश के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। मंदिर परिसर भजनों की मधुर ध्वनियों और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से गूंज उठा। भजन संध्या का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी पं. संजीव पाराशर ने गणेश वंदना के साथ किया। उन्होंने विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की।

इसके बाद सन्त रामनिवास रामस्नेही, गिरधर गोपाल शर्मा, बृजेश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, उम्मेद सिंह सहित भजन मंडलियों ने भगवान गणेश, शिव-पार्वती और अन्य देवताओं के भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 'गणपति बप्पा मोरया' की धुन पर श्रद्धालु झूम उठे, वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से सजाया गया था। फूलों की सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने विशेष उत्साह दिखाया। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए भजनों का आनंद लेते नजर आए। भजन संध्या देर रात तक चली और भजनों की गूंज से मंदिर परिसर में दिव्यता का माहौल बना रहा। पंडित संजीव पाराशर ने कहा कि गणेश चतुर्थी केवल उत्सव नहीं बल्कि यह हमारी आस्था, एकता और संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सदाचार और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया।

अराई के सदर बाजार स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में भव्य सजावट की।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के राजस्व ग्राम किरानीपुरा तहसील व जिला अजमेर के खसरा नम्बर 1685 में भूखण्ड संख्या स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 141.11 वर्गगज है। वह कि इस आवासीय भूखण्ड जो राजस्व ग्राम किरानीपुरा के खसरा नम्बर 1685 में स्थित है। जो आज दिनांक तक श्रीमती विधि याग्निक पुत्री श्री विनोद याग्निक, निवासी कोठारी भवन, श्रीनगर रोड, अजमेर के नाम दर्ज है। इन्होने इस भूखण्ड से संबंधित अपने ही माता जी श्रीमती राजरानी याग्निक पत्नि श्री विनोद याग्निक, जाति ब्राह्मण, निवासी प्लाट न0 03. साई विहार कॉलोनी, गुलाब बाडी, अजमेर के नाम जरिये बहैसियत मुख्त्यारनामा आम दिनाक 05/07/2022 को निष्पादित किया एवं RACHEL CONRAD NOTARY PUBLIC STATE OF NEW YORK NO. 01CO6288754 QUALIFIED IN SUFFOIK COUNTY DATE 09/09/2025 को रजिस्टर्ड किया गया। वह कि श्रीमती राजरानी याग्निक पत्नि श्री विनोद याग्निक से इनके भूखण्ड जिस पर ये मकान बनाकर निवास कर रही है. इस सम्पति के सभी मूल दस्तावेज कही खो गये है अथवा गुम हो गये है. जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट नजदीकी थाने में भी दर्ज करा दी गई है। जिसका LR NO. 2874608/2025 DATE-25/08/2025 है। वह कि श्रीमती राजरानी याग्निक पत्नि श्री विनोद याग्निक ने अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर कार्यालय में नियमन कराकर फ्री-होल्ड पट्टा लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कार्यवाही से सम्बन्धित किसी को कोई आपति हो तो 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति अजमेर विकास प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें। उक्त नियत अवधि के पश्चात आपति स्वीकार नहीं होगी एवं नियमन कर फ्री-होल्ड पट्टा श्रीमती राजरानी याग्निक पत्नि श्री विनोद याग्निक के नाम जारी कर दिया जायेगा। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./69क/2025/2775 आम सूचना दिनांकः25-8-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो / प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देखें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक	क्षेत्र	क्षेत्रफल (वर्गमी. में)
1.	श्री गौतम चन्द सुराणा पुत्र श्री मदन लाल सुराणा	ब्लॉक नं. 22 हनुमान हाऊसिंग कालोनी	62.70

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-917 जाहिर आम सूचना दिनांक-21-08-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/14, विस्तार किशनगढ़, अजमेर क्षेत्रफल 214.59 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री किशन गोपाल माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री माणक चन्द माहेश्वरी को आवंटित कर दिनांक 24.10.2000 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री किशन गोपाल माहेश्वरी पुत्र स्व. श्री माणक चन्द माहेश्वरी द्वारा आवास का बेचान जरिये इकरारनामा, मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के श्री कैलाश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री कैलाश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा के पक्ष में दिनांक 14.05.2013 को निवमितीकरण के आदेश जारी किये गये। श्री कैलाश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा की मृत्यु दिनांक 05.05.2021 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री विकास चन्द्र शर्मा पुत्र स्व. श्री कैलाशचंद शर्मा द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री विकास चन्द्र शर्मा के पक्ष में श्रीमती संतोष शर्मा पत्नि स्व. श्री कैलाशचंद शर्मा, श्रीमती शशि शर्मा पुत्री स्व. श्री कैलाशचंद शर्मा एवं पत्नि श्री नरेन्द्र शर्मा एवं श्रीमती गुंजन तिवारी पुत्री स्व. श्री कैलाशचंद शर्मा पत्नि श्री सुनील तिवारी द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्री विकास चन्द्र शर्मा पुत्र स्व. श्री कैलाशचंद शर्मा ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री विकास चन्द्र शर्मा पुत्र स्व. श्री कैलाशचंद शर्मा का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बादमियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-916 जाहिर आम सूचना दिनांक-21-08-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1/26, किशनगढ़, क्षेत्रफल 90.00 व.मी. मूल आवंटी श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री चाँदमल मेहता को आवंटित कर दिनांक 09.06.1985 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री चाँदमल मेहता द्वारा आवास का बेचान जरिये इकरारनामा मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के श्रीमती कान्ता देवी पत्नि श्री संतोष कुमार को कर दिया गया है। पुनः श्रीमती कान्ता देवी पत्नि श्री संतोष कुमार द्वारा आवास का बेचान श्री भगवानदास पुत्र श्री किशनचन्द टहलरामानी को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 27.05.2013 को श्री भगवानदास पुत्र श्री किशनचन्द टहलरामानी के पक्ष में नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। श्री भगवानदास पुत्र श्री किशनचन्द टहलरामानी द्वारा दिनांक 13.06.2013 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात् श्री भगवानदास पुत्र श्री किशन चंद द्वारा आवास का बेचान श्रीमती सुनीता टांक पत्नि श्री सुरेश टांक को दिनांक 04.07.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1142 में पृष्ठ संख्या 184 क्रम संख्या 202503006104769 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 3849 के पृष्ठ संख्या 428 से 440 पर दिनांक 04.07.2025 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती सुनीता टांक पत्नि श्री सुरेश टांक ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती सुनीता टांक पत्नि श्री सुरेश टांक का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। - सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-अजमेर